23/03/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष एक विकसित होती हुई स्थिति है जिसका प्रभाव पूरे विश्व पर किसी न किसी रूप में पड़ रहा है। ऐसे समय में नागरिकों को इसके प्रभाव से सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। प्रधानमंत्री ने यह बात रविवार को पश्चिम एशिया के मौजूदा संघर्ष के संदर्भ में स्थिति और उससे निपटने के उपायों की समीक्षा के लिए आयोजित केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। आकाशवाणी संवाददाता के अनुसार, बैठक के दौरान कैबिनेट सचिव टी. वी. सोमनाथन ने वैश्विक स्थिति, अब तक उठाए गए कदमों और विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों द्वारा योजनाबद्ध उपायों पर विस्तृत प्रस्तुति दी।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश की युवा उभरती लेखिका सुबी ताबा को नई दिल्ली में प्रतिष्ठित बेस्ट डेब्यू ऑथर अवॉर्ड्स **2026** से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह पुरस्कार **ऑथर अवार्ड्स 2026** के तहत उनकी पुस्तक “टेल्स फ़्रॉम डी डौन लिट माउनटैंस” के लिए दिया गया, जिसे डी टाइम्स ऑफ़ इंडिया और जेके पैपर द्वारा प्रस्तुत किया गया।

इस अवसर उपमुख्यमंत्री चौना मेन ने उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी। उनकी पुस्तक को पाठकों और साहित्यिक जगत से व्यापक सराहना मिली है। यह पुस्तक पैंगुइन इंडिया द्वारा प्रकाशित की गई है, जो अपने आप में विश्वभर के कई लेखकों के लिए एक बड़ा सम्मान माना जाता है।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित तीसरे अरुणाचल स्टेट फिल्म अवॉर्ड्स 2025-26 का आयोजन रविवार को नाहरलगुन स्थित होटल गोल्डन ऑर्किड में किया गया। इस अवसर पर फिल्म **“टेन परसेंट”** को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया। इसी फिल्म के लिए **तुमकेन सोरा** को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (मुख्य भूमिका - पुरुष) का पुरस्कार प्राप्त हुआ। **“टियर्स ऑफ लूने”** फिल्म के लिए **सीता सामनाम** को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री (मुख्य भूमिका - महिला) का सम्मान दिया गया, जबकि इसी फिल्म के लिए **कादुम ताराङ** को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विधायक तोको तातुङ ने आईपीआर विभाग की इस पहल की सराहना की। इस अवसर पर राज्य की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कृष्णा चौलू और उद्यमी हा तातु ने भी समारोह को संबोधित किया।

0000000000000000000000000

नाहरलगुन पुलिस ने दो अलग-अलग छापेमारी में चार ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से लगभग 25.75 ग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की। पहली कार्रवाई SDPO ऋषि लोंगदो के नेतृत्व में दोकुम कॉलोनी में की गई, जहां संदिग्ध तस्कर वेस्ट सियाङ ज़िले के मूल निवासी, तोनी गामलिन के कमरे से करीब 12.90 ग्राम वजन के 10 वायल हेरोइन बरामद किए गए। दूसरी कार्रवाई में पुलिस टीम ने तीन अन्य आरोपियों–दिबज्योति कुटुम उर्फ राजू, बोलुराम दोले और मितुनजॉय पेगू को गिरफ़्तार किया, जो असम के लखीमपुर जिले के रहने वाले हैं।

0000000000000000000000000

'अरुणाचल फैशन वीक 2026 - द आर्टिज़न्स मूवमेंट' का समापन शनिवार को ईटानगर के इंटीरियर पार्क में भव्य रूप से हुआ। आठ दिवसीय आयोजन स्वदेशी वस्त्र, रचनात्मक उद्यम और सांस्कृतिक पहचान के उत्सव के रूप में आयोजित किया गया। ग्रैंड फिनाले "कल्चरल हेरिटेज डे एंड अवॉर्ड्स नाइट" के रूप में आयोजित हुआ, जिसमें वस्त्र एवं हस्तशिल्प राज्य मंत्री न्यातो दुकाम और दोइमुख विधायक नाबाम विवेक सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मॉडल **मिलो आन्तु** ने **'अरुणाचल्स नेक्स्ट टॉप मॉडल - मिस 2026'** का खिताब जीता, जबकि **तापांग ताबा 'मिस्टर 2026'** बनकर उभरे। **ओसुम जेरांग कार्लो** को **'अरुणाचल्स नेक्स्ट टॉप फैशन डिजाइनर'** घोषित किया गया।

0000000000000000000000000

और असम, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया आज समाप्त हुआ। नामांकन पत्रों की जांच कल की जाएगी, जबकि छब्बीस मार्च तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में एक ही चरण में मतदान अगले महीने की 9 तारीख को होगा। वहीं नागालैंड में कोरिडांग विधानसभा क्षेत्र के लिए होने वाले उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया भी आज संपन्न हुआ।

0000000000000000000000000

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से अधिक घरों को नल के पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। उन्होंने यह बात नई दिल्ली में आयोजित विश्व जल दिवस कॉन्क्लेव 2026 के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कही। मंत्री ने कहा कि यह कॉन्क्लेव जल संरक्षण और सतत जल प्रबंधन पर सुझाव देने और विचार साझा करने का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। श्री पाटिल ने नमामि गंगे मिशन जैसी पहलों की सराहना करते हुए नदियों के जल को स्वच्छ बनाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने नागरिकों से जल संरक्षण और जल संचयन की आदत अपनाने का भी आग्रह किया।